SYNERGY

नववर्ष की शुभकामनांए

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

जनवरी 2015

बीआरपीएल आईसीसी पुरस्कार से सम्मानित

इंडियन चैम्बर्स ऑफ कार्मस (आईसीसी) द्वारा आयोजित एक समारोह में बीआरपीएल को निजी वितरण कंपनी की श्रेणी के लिए ''इनोवेशन एंड इम्पैक्ट अर्वाड'' से सम्मानित किया गया।

12 नंवबर 2014 को 8वें इंडिया एनर्जी सम्मिट के तहत के इस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सह पार्टर अर्नेस्ट एंड यंग एलएलपी था। इस कॉनक्लेव में 21 राज्यों ने भाग लिया। बीआरपीएल डायरेक्टर श्री गोपाल सक्सेना और सीईओ श्री अरविंद गुजराल ने आर्गनाइजेशन की ओर से पुरस्कार को ग्रहण किया। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की चेयरपर्सन नीरजा माथुर ने पुरस्कार प्रदान किया।

बीआरपीएल उपभोक्ताओं के लिए नाम व श्रेणी में बदलाव अभियान पखवाड़ा

उपभोक्ता के फीडबैक के आधार पर, बीआरपीएल जनवरी 2–16 तक 19 डिवीजनों के 20 कस्टमर केयर सेटर में ''नाम और श्रेणी'' बदलाव निरीक्षण पखवाड़ा का आयोजन कर रहा है। इस विशेष अभियान के दौरान हमारे सक्षम अधिकारी प्रत्येक दिन सुबह 9 बजे से अपराह्न 3 बजे तक नाम परिवर्तन और श्रेणी बदलाव के आवेदन और निवेदन को स्वीकार करेंगे। यह अभियान शनिवार और रविवार को भी जारी रहेगा।

नाम और श्रेणी में बदलाव करवाने के लिए जरूरी कागजात की लिस्ट की जानकारी, बीआरपीएल उपभोक्ता या तो हमारी हेल्पलाइन 011–399 99 707 पर फोन करके प्राप्त सकते हैं, या फिर हमारी वेबसाइट www.bsesdelhi.com पर ऑगऑन करके ले सकते हैं।

एसएमएस 5–61–61–07–आपातकाल (आग एवं करंट लीकेज) की शिकायत के लिए

अपने उपभोक्ताओं की सुरक्षा हमारे लिए महत्वपूर्ण है। आपातकाल शिकायतों को अब एसएमएस के जरिए रजिस्टर करा सकते हैं।

आग संबधित शिकायतों के लिए

टाइप करें – बीएसईएसआरपी, स्पेस दें, एफआर लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5–61–61–07 पर भेज दें।

करंट लीकेज संबधित शिकायतों के लिए

टाइप करें – बीएसईएसआरपी, स्पेस दें, सीपी लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5–61–61–07 पर भेज दें।

आपातकाल (आग एवं दुर्घटना) और स्ट्रीटलाइट की शिकायतों को आप बीआरपीएल के समर्पित चौबीस घंटे और सात दिनों (24x7) कार्यरत टोल फ्री नंबर 1800–10–39707 पर दर्ज करा सकते हैं।

गर्मियों की तैयारी शुरू

अन्य मशीनों की तरह, समय – समय पर बिजली के इंफ्रास्ट्रक्चर की सर्विसिंग व मेंटेनेंस की भी जरूरत पड़ती है। दिल्ली में इसकी जरूरत और ज्यादा है क्योंकि यहां सर्दी और गर्मी, दोनों ही मौसम अपने चरम पर होते हैं। अत्यधिक गर्मी और अत्यधिक सर्दी का बिजली के नेटवर्क और उपकरणों पर बुरा असर पड़ता है।

अगली गर्मियों के दौरान बिजली नेटवर्क और महत्वपूर्ण उपकरणों का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के लिए बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड ने अपने लोकल नेटवर्क की सर्विसिंग, मरम्मत व रखरखाव का काम करना शुरू किया है। समय – समय पर बिजली नेटवर्क की सर्विसिंग, मरम्मत और रररखाव का काम करना आव यक है, ताकि गर्मियों के दौरान ये अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करें। दुनियाभर में ऐसा किया जाता है।

सर्दियों के दौरान बिजली नेटवर्क के मेंटेनेंस का काम इसलिए किया जाता है, ताकि उपभोक्ताओं को कम परेशानी हो और साथ ही गर्मियों में बिजली उपकरण बेहतर तरीके से काम करें। ताकि उपभोक्ता अपने दिन की योजना बेहतर तरीके से बना पाएं, इसलिए बीएसईएस ने नेटवर्क मेंटेनेंस के शेड्यूल को अपनी वेबसाइट www.bsesdelhi.com पर अपलोड कर दिया है।

ईएलसीबी – एक छोटी सी कीमत पर सुरक्षा और दिमाग को शांति

अर्थ लीकेज बिजली की बर्बादी करती है। इसकी वजह से रोजमर्रा के उपकरणों में सुरक्षा को लेकर खतरा हर दिन बना रहता है और बिजली आघात की संभावना बनी रहती है जिसे बेहोश होने का डर भी बना रहता है। लेकिन ईएलसीबी यानी अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर के लगवाने से इस तरह की दुर्घटना से बचा जा सकता है।

इस छोटी मगर काफी उपयोगी यंत्र से परिसर में छोटे से छोटे लीकेज एंव तारों के आपस मे मिलने का पता भी काफी आसानी से लग जाता है। यह खुद ब खुद ट्रिप कर जाती है और परिसर की बिजली की आपूर्ति कट जाती है और गंभीर दुर्घटना टल जाती है।

भारतीय विद्युत अधिनियम 1956 की धारा 61 के तहत सभी उपभोक्ताओं जिनका लोड 5 किलोवाट या फिर इससे ज्यादा है को परिसर / चारदीवारी के अंदर ईएलसीबी को लगाना अनिवार्य है।

ईएलसीबी बीआरपीएल के चुनिंदा ऑफिसों में आर्कषक कीमत पर उपलब्ध है। इच्छुक लोग 1. कारपोरेट ऑफिस नेहरु प्लेस, 2. डिवीजनल ऑफिस – निजामुद्दीन, साकेत, सरिता विहार और वंसतकुंज जाकर संपर्क कर सकते हैं। पूछताछ के लिए कृपया 9650804539 पर डायल कर करें।

फ्री एसएमएस और ईमेल पर बिल पाने के लिए रजिस्टर करें और लकी ड्रॉ में इनाम जीतें

बीआरपीएल पर मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को रजिस्टर्ड कराने से न आपको सिर्फ उपयोगी अलर्टस् प्राप्त होंगे बल्कि इनाम जीतने का मौका भी मिलेगा। प्रत्येक महीने 3 विजेताओं का नाम लकी ड्रॉ के जरिए चुना जाएगा।

लकी ड्रॉ विजेता (दिसंबर के लिए) – नफीसा अली (आर के पुरम), श्री अनूप कुमार थरियानी (जनकपुरी) और सी पी गुप्ता (सीईओ रिचा निटवियर) हैं।

To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy